प्रकाशित समाचार

दिनांक : बुधवार,19 सितंबर 2018

पृष्ठ संख्या : 04

डेली हिन्दी मिलाप

DAILY HINDI MILAP

Hyderabad

एनआईपीएचएम में हिन्दी दिवस समारोह आयोजित

हैदराबाद, 18 सितंबर-(मिलाप ब्यूरो) राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद में हिन्दी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह की अध्यक्षता जी. जयलक्ष्मी (भा.प्र.से., महानिदेशक, एनआईपीएचएम) ने की। संस्थान के हिन्दी अधिकारी विजय कुमार साव ने मंचस्थ अधिकारी महानिदेशक सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए हिन्दी दिवस की शुभकानाएँ दी।

महानिदेशक ने हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित हिन्दी प्रतियागिताओं के प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किये। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान द्वारा राजभाषा हिन्दी के लिए निर्धारित कार्यक्रमों के अलावा, कर्मचारियों में हिन्दी के प्रति उत्साह एवं रुचि जागृत करने के लिए नये अवसरों की तलाश एवं मनोरंजन ज्ञानवर्धक संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि हिंदीत्तर कर्मचारी अपने विचार हिन्दी में व्यक्त कर सकें।

अवसर पर अतिथि वक्त के रूप में उपस्थित डॉ. महेश कुमार (तकनीकी हिन्दी अधिकारी, भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद) ने कहा कि राजभाषा हिन्दी के क्रियान्वनयन में विकसित नये तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। अब कर्मचारी यूनिकोड के अलावा सीधे कंप्यूटर पर बोलकर यानी वॉयस टाइपिंग के जरिए हिन्दी में काम कर सकते हैं। जहाँ आवश्यक हो, उसमें सुधार कर सकते हैं। बशर्ते कर्मचारियों में सीखने की ललक होनी चाहिए। निरंतर प्रयास कर हम राजभाषा हिन्दी में सहजता से काम कर सकते हैं।

संस्थान की रजिस्ट्रार डी. चंचला देवी ने कहा कि एनआईपीएचएम में राजभाषा हिन्दी का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने में जहाँ कहीं भी कठिनाईयाँ आ रही हो, उसका समाधान किया जाना चाहिए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी कार्यशाला एवं हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक भाग लेना चाहिए। समारोह में संस्थान के डॉ. ओपी शर्मा (संयुक्त निदेशक, पीएचएम), डॉ. विधु कांपूरत पी. (संयुक्त निदेशक, पीएचई), डॉ. मंडली राजश्री(पीपी), शेख लियाकत अली अहमद (सहायक निदेशक,आईसीटी) तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।